राजभाषा प्रशिक्षण कार्यशाला अभियान का आयोजन

संस्थान के विभिन्न प्रभागों व कार्यालयों में राजभाषा से संबंधित अद्यतन जानकारी सांझा करने के उद्देश्य से इस बार हिंदी अनुभाग द्वारा दिनांक 22 जुलाई से 2 अगस्त, 2024 तक **राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला अभियान** का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत संस्थान के विभिन्न प्रभागों/कार्यालयों में कार्यरत वैज्ञानिक, तकनीकी अधकारी, तकनीकी कार्मिक तथा अनुसचिवीय कार्मिक स्तर के लोगों को राजभाषा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला का विषय "कंठस्थ अनुवाद टूल तथा हिंदी मासिक/त्रैमासिक प्रतिवेदन" रखा गया। "कंठस्थ अनुवाद टूल" राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सी-डैक पुणे के सहयोग से विकसित एक सॉफ्टवेयर है। इस सॉफ्टवेयर की सहायता से सामान्य प्रकार के अनुवाद बहुत ही सरलता से किए जा सकते है। कार्मिक अपनी आवश्यकतानुसार इसका लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त मासिक/त्रैमासिक प्रतिवेदन में उचित प्रविष्टि से संबंधित आ रही दिक्कतों के बारे में भी चर्चा की गई। कार्यशाला का आयोजन क्रमशः राष्ट्रीय वन पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र, सम विश्वविद्यालय, वन संवर्धन एवं प्रबंधन प्रभाग, वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग, वन वनस्पति प्रभाग, रसायन एवं जैव पूर्वेक्षण प्रभाग, आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग, वनोपज प्रभाग में किया गया। इसके अतिरिक्त कुलसचिव कार्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अनुभागों (स्थापना, भवन एवं विविध, पहरा एवं निगरानी, सतर्कता, नव वन चिकित्सालय, विभागीय पदोन्नति प्रकोष्ठ, प्राप्ति एवं प्रेषण, दूरभाष केंद्र) के लिए संयुक्त रूप से यह कार्यशाला आयोजित की गई। कुल 93 प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया। कंठस्थ अनुवाद टूल पर श्री सागर थापा, तकनीशियन ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के आयोजन में श्री दिनेश चंद्र, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी तथा श्री अमन रावत, बहुकार्य कर्मी का सहयोग रहा।

<u>कार्यशाला की कुछ झलकियाँ</u>

राष्ट्रीय वन पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र

वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविद्यालय

वन संवर्धन एवं प्रबंधन प्रभाग

वन पारिस्थितिकी एवं जलवायु परिवर्तन प्रभाग

रसायन एवं जैव-पूर्वेक्षण प्रभाग

कुलसचिव कार्यालय

आनुवंशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग

वनोपज प्रभाग